### खबर संक्षेप



### प्रदर्शन कर आईएएस अधिकारी का पुतला फूंका

**बरही।** आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर बरही के बस स्टैंड चौक में तहसील ब्राह्मण समाज द्वारा प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। वर्मा ने जनसभा में ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर अभद्र वक्तव्य दिया जिससे ब्राम्हण समाज में रोष है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले अधिकारी पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उसे सिर्फ निलंबन नहीं सेवा से बर्खास्त किया जाना चाहिए। समाज के वरिष्ठ लोगों ने कहा कि ब्राह्मण समाज अपनी बेटियों के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ या अभद्र टिप्पणी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

### एसडीओपी ने विद्यार्थियों को किया जागरूक



**स्लीमनाबाद।** शासकीय व अशासकीय विद्यालय स्लीमनाबाद में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच – बैड टच की जानकारी दी गई एवं 'कोमल' शॉर्ट फिल्म के माध्यम से सुरक्षा संबंधी व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, सायबर अपराध, सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करने के दुष्परिणाम एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया गया।बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या शोषण की स्थिति में डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल संपर्क करने की जानकारी दी। एसडीओपी ने छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि जब भी आपके साथ कोई किसी भी प्रकार हरकत करें तो तत्काल विरोध करें।यदि रास्ते मे,बाजार मे वाहन में कोई छेड़छाड़ करता है तो तत्काल शोर मचाये, आसपास के लोगो को बताये। घटना को दबाए नही। इस दौरान स्कूल स्टॉप सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### रीठी में धान उपार्जन तैयारियों की समीक्षा

**कटनी।** विकासखंड रीठी में धान उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा हेतु शुक्रवार को एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम ने उपार्जन केंद्र प्रभारियों को केंद्रों में किसानों की बैठक व्यवस्था, पेय जल, बिजली, जल निकासी, वारदानों, तौल कांटे आदि भौतिक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने एवं अधीनस्थ अधिकारियों को केन्द्रों में सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### अतिक्रमण की जांच एवं कार्यवाही नहीं होने पर संरक्षण होने की चर्चाएं सरगर्म

# जिम्मेदारों की बेपरवाही से अतिक्रमणकारी हावी, नाला एवं श्मशान भूमि पर हो रहे पक्के निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों और निर्माणों के मामले तेजी से बढ़े हैं। नाले, श्मशान भूमि, मुख्य सड़क किनारे की भूमि और अन्य राजस्व मदों में दर्ज शासकीय भूमि पर लगातार पक्के मकान खड़े होने की जानकारी सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध निर्माण की इस भरमार के पीछे विभागीय उदासीनता और कथित मिलीभगत सबसे बड़ी वजह है। इन्हीं मार्गों से गुजरने वाले राजस्व, पंचायत और पुलिस विभाग के अधिकारियों की नजर इन निर्माणों पर क्यों नहीं पड़ी? या फिर प्रशासन ने जानबूझकर इस अवैध गतिविधि पर आंखें मूंद ली।



#### कार्यवाही नहीं होने से क्षेत्र में अतिक्रमण का बढ़ रहा दायरा

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में मैन रोड पर स्थित नाला भूमि पर कई व्यक्तियों द्वारा पक्के मकान बनाये जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन निर्माणों की शुरुआत कई सप्ताह पहले हो चुकी थी, फिर भी न तो नोटिस जारी किये गए और न ही किसी प्रकार की रोकथाम की कार्रवाई हुई। सेंट्रल बैंक के बाजू स्थित नाले की भूमि, जो खसरा नंबर 97 में दर्ज है, पर अवैध निर्माण का मामला सबसे प्रमुख है। ग्रामीणों का दावा है कि यहां लंबे समय से बिना अनुमति मकान खड़ा किया जा रहा था। पटवारी राहुल चौरसिया ने पूर्व में एक जांच की थी, जिसके बाद कुछ दिनों तक निर्माण रुका भी, लेकिन अब निर्माण फिर से शुरू हो गया और मकान तैयार भी हो गया। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि राजस्व अमला मौके पर पहुँचकर निर्माण रोकने के बजाय मौन बना रहा। यही वजह है कि मुख्य मार्ग तक पर अतिक्रमण की घटनाएँ बढ़ती चली गईं।

#### नाले की भूमि पर निर्माण

ढीमरखेड़ा थाने के बाजू में खसरा नंबर 324 नाला मद की भूमि पर भी पक्का निर्माण किए जाने की जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार, यह निर्माण खुलेआम जारी रहा और किसी भी स्तर पर अधिकारी इसे रोकने नहीं पहुँचे। हैरानी की बात यह है कि पुलिस थाने से चंद कदम की दूरी पर हो रहे इस निर्माण को भी प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब पुलिस थाने के पास ही शासकीय भूमि सुरक्षित नहीं, तो दूरस्थ इलाकों में अवैध कब्जे रोक पाने की उम्मीद कैसे की जा सकती है?

#### श्मशाम भूमि में भी बेजा कब्जा

ग्राम पंचायत झिन्ना पिपरिया में श्मशान की भूमि (खसरा नंबर 34, रकवा 0.70 हेक्टेयर) पर पक्का मकान बना दिया गया है। यह वही भूमि है जो सरकारी रिकॉर्ड में अंतिम के उपयोग के लिए दर्ज है। ग्रामीणों के अनुसार इस भूमि पर पहले से ही तहसीलदार द्वारा अवैध कब्जा रोकने के लिए स्टे आदेश जारी किया गया था लेकिन इसके बावजूद निर्माणकर्ता द्वारा स्टे आदेश की अनदेखी करते हुए लेंटर डालकर पक्का मकान तैयार कर लिया गया। स्थानीय निवासियों का सवाल है यदि प्रशासन के आदेशों का पालन ही नहीं होना है, तो ऐसे आदेश का महत्व क्या है? और स्टे के बाद भी निर्माण होने दिया गया, तो जिम्मेदारी किसकी है?

#### इनका कहना हैं

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी ढीमरखेड़ा निधि गोहल का कहना है कि तहसीलदार ढीमरखेड़ा को जांच के लिए निर्देशित किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। नाला, श्मशान मद की भूमि पर कब्ज़ा नहीं किया जा सकता हैं।



## हुई सामग्री जब्ती की कार्रवाई 35 हजार का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों को सुगम एवं बाधा-मुक्त बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम, पुलिस विभाग एवं यातायात विभाग के संयुक्त सहयोग से अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान सुभाष चौक, मुख्य स्टेशन रोड पहुंच मार्ग, बरही रोड, गर्ग चौराहा, सिल्वर टॉकीज रोड मुख्य मार्ग के किनारे सहित तिराहों एवं चौराहों एवं व्यस्त बाजार क्षेत्रों से अवैध रूप से रखे गए ठेला-खोमचे, कबाड़ सामग्री, को हटाया गया।

प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी मानेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान लगभग 35 से भी अधिक लोगों पर लगभग 12 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान अतिक्रमणकारियों की मार्ग में रखी सामग्री की जाप्ती की कार्यवाही भी की गई। साथ ही उन्हें भविष्य में सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी गई।

कार्यवाही के दौरान संयुक्त टीम के अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

इस दौरान यातायात प्रभारी राहुल पांडे, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित पुलिस विभाग एवं नगर निगम के अतिक्रमण शाखा के कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## एसआईआर कार्य में रूचि नहीं लेने पर बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) कार्य में रूचि नहीं लेने एवं प्रगति के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ली जा रही समीक्षा बैठक में सहयोग न करने पर विधानसभा क्षेत्र कमांक 94, बहोरीबंद के मतदान केन्द्र क्रमांक 141 स्लीमनाबाद के बीएलओ हरिनारायण सोनी को एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक की रिपोर्ट की समीक्षा के अनुसार बीएलओ श्री सोनी के मतदान केन्द्र की प्रगति मात्र 74.45 प्रतिशत पाई गई। यह स्थिति संतोषजनक न होने से ग्राम पंचायत भवन स्लीमनाबाद में सायं 5.30 बजे समीक्षा बैठक रखी गई थी। श्री सोनी को बैठक की सूचना जनपद पंचायत बहोरीबंद के एडीओ जे.पी दीवान के माध्यम से व्यक्तिगत रूप दी गई थी। जिस पर श्री सोनी द्वारा बताया गया कि वे हाई स्कूल स्लीमनाबाद में उपस्थित हैं।

समीक्षा बैठक हेतु एसडीएम बहोरीबंद श्री चौरसिया के पहुंचने के पूर्व श्री सोनी अपने कार्यक्षेत्र से चले गये। दूरभाष पर अनुपस्थित रहने का कारण पूछे जाने पर श्री सोनी द्वारा कोई समाधान कारक जबाब नही दिया गया। जो कि पदीय दायित्व के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता तथा वरिष्ठ अधिकारियों आदेशों एवं निर्देशों की अवहेलना किये जाने का द्योतक है।

एसडीएम श्री चौरसिया ने यह कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में मानते हुये श्री सोनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### 10 बैंकों के 18 निष्क्रिय खातों के 34 लाख का हुआ निपटारा

**कटनी।** भारतीय रिज़र्व बैंक की पहल पर, वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के त्वरित और सुगम निपटान के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जनपद पंचायत कटनी के सभाकक्ष में शुक्रवार दोपहर 4 बजे एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में 10 अलग-अलग बैंकों के कुल 18 निष्क्रिय खातों का निस्तारण किया गया, जिसके तहत 34 लाख रुपये की राशि का सफलतापूर्वक निपटारा हुआ। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, मेझरस किण्डो ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक जिले के प्रत्येक बैंक शाखाओं में पिछले 10 वर्षों से निष्क्रिय पड़े हुए डीईएएफ (डिपॉजिटर एजुकेशन एण्ड अवेयरनेस फण्ड) खातों का त्वरित गति से निपटान के लिये आयोजित किये जा रहे हैं। आम जनता को उनके निष्क्रिय खातों को नियमानुसार समयबद्ध तरीके से निपटाने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

### नारायण आश्रम निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन



कैलवारा खुर्द के पास श्री नारायण आश्रम के निर्माण के लिए गुरुवार को पूरे विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के अवसर पर भूमिपूजन के दौरान राजगुरु स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य महाराज मौजूद रहे। आचार्य मंदिर नयागांव चित्रकूट की एक शाखा के रूप में जबलपुर-कटनी कैलवारा खुर्द के पास नेशनल हाईवे पर श्री नारायण आश्रम का निर्माण कराया जाएगा। इस पावन अनुष्ठान के आयोजन स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य महाराज के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्षक दीपक सोनी, विधायक संजय पाठक एवं संदीप जायसवाल सहित श्रद्धालुओं की में उपस्थिति रही।

## 6 धान उपार्जन केंद्रों के स्थलों में किया परिवर्तन, अधिकारियों को सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**धान भंडारण व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जारी किया आदेश**

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत कृषकों से जिले में 1 दिसंबर से शुरू हो रहे धान उपार्जन हेतु जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने निर्धारित किये गये उपार्जन केन्द्रों में 6 उपार्जन केन्द्रों के स्थलों में परिवर्तन किया है। जिले में धान भंडारण व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री तिवारी ने पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए 6 उपार्जन केंद्रों का स्थल परिवर्तन करते हुए नोडल अधिकारियों को दायित्व सौंपे जाने का संशोधित आदेश जारी किया है।

जारी संशोधित आदेश के अनुसार तहसील स्लीमनाबाद के अंतर्गत उपार्जन केंद्र स्लीमनाबाद में समिति स्तरीय उपार्जन के स्थान पर भोलाराम वेयर हाउस 50, स्लीमनाबाद को नवीन उपार्जन स्थल बनाया गया है। इसी प्रकार उपार्जन केंद्र तेवरी में समिति स्तरीय उपार्जन के स्थान पर एकता वेयर हाउस 17, पड़वार को नवीन उपार्जन स्थल बनाया गया है। जबकि बहोरीबंद तहसील के अंतर्गत उपार्जन केंद्र हथियागढ़ में समिति स्तरीय उपार्जन के स्थान पर श्री जानकी वेयर हाउस 92, पहाड़ीखेड़ा को नवीन उपार्जन स्थल बनाया गया है। वहीं ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्गत उपार्जन केंद्र मुरवारी में समिति स्तरीय उपार्जन के स्थान पर काशी वेयर हाउस 78, ग्राम बिजोरा को नवीन उपार्जन स्थल बनाया गया है।

रीठी तहसील के अंतर्गत उपार्जन केंद्र डांग में समिति स्तरीय उपार्जन के स्थान पर रूचि वेयर हाउस सीडब्ल्यूसी, रीठी रोड चनेहटा को नवीन उपार्जन स्थल बनाया गया है। इसके अलावा कटनी नगर तहसील के अंतर्गत उपार्जन केंद्र मुड़वारा में सांवरिया फूड प्रोसेसिंग 27 लमतरा कटनी के स्थान पर सेन्ट्रल वेयर हाउस कटनी (सीडब्ल्यूसी), इंद्रानगर को नवीन उपार्जन स्थल बनाया गया है।

**ट्रेन से सीआरपीएफ महिला जवान के 40 कारतूस किये थे चोरी**

## फरार चल रहे तीन और आरोपितों को किया गिरफ्तार, 5 कारतूस भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीआरपीएफ महिला जवान की ट्रेन से कारतूस चोरी मामले में फरार चल रहे तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही, इस मामले में अब तक कुल छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

जीआरपी थाना प्रभारी एलपी कश्यप ने बताया कि 21 और 22 नवंबर की दरमियानी रात हुई चोरी की इस वारदात को कुल छह लोगों ने अंजाम दिया था। पुलिस ने इससे पहले 23 नवंबर को तीन आरोपियों-अजय उर्फ अजना निषाद, अजय उर्फ अज्जू निषाद और लकी निषाद को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 35 जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। हाल ही में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों की पहचान अमर उर्फ अमन निषाद, दीपक उर्फ कुचली निषाद और रोहित उर्फ हैंडसम निषाद के रूप में हुई है। पुलिस ने इन्हें आधारकाप इलाके से पकड़ा है।



इन तीनों आरोपियों के पास से पुलिस ने 5 और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस बरामदगी के साथ ही चोरी हुए सभी 40 कारतूसों की बरामदगी पूरी हो गई है।

#### घटना पर एक नजर

यह घटना 21 और 22 नवंबर की दरमियानी रात को हुई थी। बिहार चुनाव ड्यूटी से लौट रही सीआरपीएफ की स्पेशल ट्रेन कटनी में आउटर पर खड़ी थी, तभी महिला जवान की इंसास राइफल से कारतूस चोरी हो गए थे। सूचना मिलते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी।

#### पहले से दर्ज है कई अपराध

जीआरपी थाना प्रभारी एलपी कश्यप ने बताया कि सभी छह आरोपियों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। हाल ही में गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को शुकवार को न्यायालय में पेश किया गया है। इन तीनों आरोपियों पर पहले से ही अलग-अलग थानों में चोरी के 10 मुकदमे दर्ज हैं।

### उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक संवाद कार्यक्रम आयोजित

## विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों को मिलता है प्रतिभा निखारने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

महावीर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद मे शुक्रवार को शैक्षणिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणय पांडेय रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया।

विद्यार्थियों व शिक्षकों से शैक्षिक संवाद करते हुये विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि ऐसी पहल न केवल बच्चों के बौद्धिक और मानसिक विकास में सहायक हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, संवाद कौशल और सीखने की रुचि भी बढ़ाती हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी



क्षमता के अनुरूप अवसर मिले, ताकि वह अपने भीतर छिपी प्रतिभा को निखार सके। इसके साथ ही बच्चों को इन गतिविधियों के करने का उद्देश्य भी बताए ताकि वे खेल-खेल में चीजों को आसानी से समझ और सीख सकें। बच्चों को नवाचार से शिक्षा देने का समय है ताकि वह बड़े होकर वह समाज के सुसभ्य नागरिक बन राष्ट्र व समाज की समर्पणभाव से सेवा करें।

#### साईकिल की गई वितरित

मुख्यमंत्री साईकिल वितरण योजना के तहत साईकिल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जहाँ 220 विद्यार्थियों को साईकिल वितरण की गईं। जिसमें कक्षा 6 वी के 20 ओर कक्षा 9 वी के 200 विद्यार्थियों को साईकिल वितरण की गईं। साईकिल पाते ही विद्यार्थियों के चेहरों में मुस्कान आ गईं।

विधायक ने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ें, सिर्फ अपनी पढ़ाई की ही चिंता करें। विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उनके भविष्य के लिए बहुत सी योजनाएं शुरू की हैं। गरीब विद्यार्थी भी अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकता है। वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने तक की सुविधा सरकार दे रही है। हायर सेकंडरी परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले हजारों मेधावी विद्यार्थियों को सरकार हर साल लैपटॉप तो स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों को स्कूटी वाहन दे रही है। हर साल मुफ्त साइकिलें, मुफ्त गणवेश व कॉपी किताब दे रही है।विधायक ने विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करने तथा अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने की सीख देते हुए शिक्षकों को भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की बात कही।

कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत स्कूल परिसर में पौधेरोपण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार, थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग, प्राचार्य महेन्द्र राय, रवि पांडे, ब्रजेश गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टॉप व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## तहसीलदार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद तहसीलदार नेहा जैन ने बहोरीबंद विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के तहत तहसीलदार नेहा जैन ने बिछियाकाप मतदान केंद्र 241,सिदुरसी मतदान केंद्र 212, नीमखेड़ा मतदान केंद्र 196 बडखेड़ा मतदान केंद्र 194 ओर बचैया मतदान केंद्र क्रमांक 217, 218, 219,221 व 223 मे पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) की मैपिंग कार्य का जायजा लिया। जहां कलेक्टर ने



खुद बीएलओ के साथ मतदाता के गणना प्रपत्र के विवरणों को बीएलओ ऐप में दर्ज करवाया।

एसडीएम ने गणना पत्रक के वितरण और मतदाताओं के सत्यापन कार्य में आवश्यकतानुसार पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक की भी सेवायें प्राप्त करने के निर्देश दिये।तहसीलदार ने बीएलओ से अब तक वितरित किये गये गणना प्रपत्रों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत मतदाताओं तक समय पर फार्म पहुंचाना सुनिश्चित करें, काम की गति बढ़ायें। निर्वाचन आयोग द्वारा चाही गयी मतदाता से संबंधित जानकारी तत्परता से बीएलओ एप में अपडेट करें।

## खबर संक्षेप

### भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान करने सर्वेक्षण दल गठित

**कटनी।** मप्र शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार, जिले के नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया जाना है। इसी क्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर नगर परिषद बरही के भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान करने हेतु सर्वेक्षण दल गठित किया गया है। एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता द्वारा जारी आदेश के अनुसार गठित सर्वेक्षण दल के अध्यक्ष नायब तहसीलदार, बरही होंगे। जबकि मुख्य नगरपालिका अधिकारी बरही, संबंधित राजस्व निरीक्षक, संबंधित हल्का पटवारी और संबंधित निकाय के वार्ड प्रभारी इस दल के सदस्य होंगे। आदेश में गठित दल को 13 दिसंबर 2025 तक सर्वेक्षण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

### प्रकरणों को राजीनामा से निराकरण करने हुई बैठक



**कटनी।** न्यायालय में लंबित मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों का निराकरण राजीनामा से कराने हेतु जिला न्यायाधीश संजय गुप्ता के द्वारा जिला न्यायालय कटनी के कॉन्फ्रेस हॉल में ओरियंटल, न्यू इंडिया एवं चोलामण्डलम बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं एवं क्लेमेंट अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं एवं आवेदक अधिवक्ताओं के साथ न्यायालय में लंबित मोटर दावा दुर्घटना के प्रकरणों के राजीनामे के आधार पर निराकरण हेतु आवश्यक चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामा होने की संभावना व्यक्त की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव सुमित शर्मा और जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को आपसी समझौते से निराकरण कराये जाने आमजन से अपील की।

### जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 5 दिसंबर को

**कटनी।** जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में 5 दिसंबर को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान से सभी शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों को बैठक हेतु एजेण्डा कार्यालय में उपलब्ध कराने एवं बैठक मे उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक 9 दिसंबर को होगी

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार,9 दिसंबर को अपरान्ह 2:30 बजे से आयोजित होगी। सुश्री कौर द्वारा बैठक में मनरेगा,पंचायत (निर्माण),15वां वित्त,मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम (एमडीएम) /शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), विधि शाखा एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। आयोजित बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री, संभाग कटनी, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला पंचायत के समस्त शाखा प्रभारी सहायक यंत्री,उपयंत्री, एपीओ / एएओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के सभी विकासखंड समन्वयक, ब्लॉक मैनेजर एनआरएलएम और समस्त जनपद शिक्षा केंद्र के विकासखंड स्रोत समन्वयक को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी सहित नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

---

**कलेक्टर ने उपार्जन अवधि में व्यापारियों के भंडारित धान की निकासी पर लगाया प्रतिबंध**

# चौकस व्यवस्थाएं : धान खरीदी में बिचौलियों एवं व्यापारियों की गतिविधियों पर पैनी नजर

### जिले में 1 दिसंबर से होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, गड़बड़ियों को रोकने गठित दल रखेगा नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में समर्थन मूल्य पर 1 दिसंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी केन्द्रों पर उपज की अवैध बिक्री रोकने के लिये जिला प्रशासन चौकस और मुस्तैद है। इसके मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के व्यापारियों द्वारा क्रय कर भंडारित की गई धान की निकासी पर प्रतिबंध लगा दिया है।

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा प्रतिबंध लगाने संबंधी जारी आदेश उपार्जन अवधि 1 दिसंबर से 20 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में धान निकासी की अनुमति संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा लिखित में दिये जाने पर अधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति में निकासी की जायेगी। अनुमति के पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि किसी भी स्थिति में यह धान उपार्जन केंद्र में विक्रय हेतु नहीं लाई जाये।

आदेश में कहा गया है कि जिन्स की गुणवत्ता को यथा स्थिति बनाये रखने के दृष्टिगत कीटोपचार की कार्यवाही की अनुमति संबंधित एसडीएम से की जा



सकेगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि गोदाम व वेयर हाउस में भंडारित जिन्स की सुरक्षा की जवाबदारी गोदाम व वेयर हाउस मालिक की होगी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने समस्त गोदाम व वेयर हाउस संचालकों को भंडारित अधिसूचित कृषि उपज की जानकारी तत्काल अपने क्षेत्र की संबंधित कृषि उपज मंडी समिति में निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रारूप में वेयरहाउस का नाम, वेयरहाउस संचालक का नाम, स्थान, दिनांक, मोबाइल नंबर, जिन्स का नाम, व्यापारी या फर्म का नाम, भंडारित मात्रा, भण्डारण अवधि, कृषक का नाम, कृषक का मोबाइल नंबर, पता, भण्डारण की मात्रा और भंडारण की अवधि की जानकारी देना अनिवार्य है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सचिव, कृषि उपज मंडी समिति को गोदाम बंद किये जाने के भी निर्देश दिये हैं।

#### वेयरहाउस और उपार्जन केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर आशीष तिवारी ने धान उपार्जन की पूर्व तैयारियों के मद्देनजर वेयरहाउस और उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया और जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर श्री तिवारी ने सी.डब्ल्यू.सी. कुठला गोदाम और चाका बायपास के समीप हिन्द एनर्जी वेयरहाउस के भंडारण क्षमता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, गोदाम में धान भंडारित नहीं मिली। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र में धान बेचने हेतु पहुंचने वाले किसानों की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, मप्र वेयरहाउस एण्ड लॉजिस्टिक कारपोरेशन के जिला प्रबंधक सेंगर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला और समितियों के प्रबंधक व नोडल अधिकारियों की मौजूदगी रही।

---

## गीता जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम, तैयारियों के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर सोमवार 1 दिसंबर को जिला मुख्यालय और विकासखंड स्तर पर धूमधाम से समारोह पूर्वक गीता जयंती का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को संस्कृति विभाग मंत्रालय एवं जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक तैयारी एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी को कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं संपूर्ण कार्रवाई हेतु ग्रामीण क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

#### मंदिरों की साफ सफाई श्रृंगार एवं रोशनी के निर्देश

सुश्री कौर ने गीता जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय में सभी शासकीय एवं अशासकीय श्री कृष्ण मंदिरों, न्यास, गोपालक संस्थाएं एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से विशेष कार्यक्रम आयोजित करने तथा श्री कृष्ण मंदिरों की साफ सफाई श्रृंगार एवं रोशनी किए जाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संतो, विद्तजनों द्वारा गीता के महत्व एवं व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर केंद्रित व्याख्यान आयोजित किए जाएं।

#### विद्यार्थियों को जोड़ें

सुश्री कौर ने अंतर्राराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में गीता प्रेमियों द्वारा श्रीमद्भगवद गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ जिला मुख्यालय पर 1100-1100 एवं विकास खंड स्तर पर 500- 500 गीता पाठियों के कार्यक्रम विश्व गीता प्रतिष्ठानम एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया है। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने आयोजित गतिविधियों में माननीय प्रभारी मंत्री, मंत्री एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए बच्चों, युवाओं तथा स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों को जोड़ा जाकर आधिकारिक जन भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए हैं।

सीईओ कौर ने बताया कि विक्रम महोत्सव 2026 का आयोजन आगामी महाशिवरात्रि पर्व (15 फरवरी से 19 मार्च 2026) से आरंभ होगा शुभारंभ पर ख्याति प्राप्त कलाकारों की प्रस्तुति, विक्रम महोत्सव अंतर्गत विविध प्रदर्शनियां अन्य प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने निर्देशित किया है

---

**सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों को अटेंड कर समय पर करें निराकरण**

## 68 शिकायतों को अधिकारियों ने नहीं किया अटेंड, डीएम ने दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को प्राप्त सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को अटेंड कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने निर्देश मे कहा कि सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया है कि संबंधित लेबल अधिकारियों द्वारा शिकायतों की निर्धारित समय-सीमा अनुसार अटेंड नहीं किया जा रहा है, जिससे जिले एवं विभाग की ग्रेडिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। माह अक्टूबर 2025 में प्राप्त शिकायतों में जिले के संबंधित लेबल अधिकारियों द्वारा 68 शिकायतों को नॉट अटेंड किया गया है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर से कोई भी शिकायत नॉट अटेंड नहीं होनी चाहिये। अन्यथा की स्थिति में संबंधित लेवल अधिकारी का प्रति नॉट अटेंड शिकायत के मान से वेतन कटौती की जावेगी। अधिकांश शिकायतें ऐसी है जिनका निराकरण विभाग से न होकर किसी अन्य विभाग या जिला से किया जाना है ऐसी सभी शिकायतों को तत्काल एल-1 स्तर से ही कार्यक्षेत्र से बाहर किया जाये। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि ग्रेडिंग माह में प्राप्त होने वाली अथवा मैप होने वाली समस्त शिकायतों का निराकरण कर संतुष्टिपूर्वक प्रत्येक शिकायत में शिकायतकर्ता से चर्चा कर पोर्टल पर समाधानकारक एवं तथ्यपरक निराकरण दर्ज कराया जाये। लेवल 1 एवं लेवल 2 पर लंबित समस्त शिकायतों में अनिवार्य रूप से प्रतिवेदन निर्धारित समयसीमा में दर्ज कराया जाए, ताकि नॉट अटेंडेड की स्थिति निर्मित न हो, अन्यथा की स्थिति में संबंधित लेवल अधिकारी का प्रति नॉट अटेंड शिकायत के मान से वेतन कटौती किये जाने संबंधी कार्यवाही की जावेगी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने यह भी स्पष्ट किया कि लेवल 1 एवं लेवल 2 पर प्रतिदिवस शिकायतों की सघन मॉनीटरिंग कर प्रतिदिवस अथवा आगामी 3 दिवस में बाहर हो रही शिकायतों पर अनिवार्य रूप से प्रतिवेदन दर्ज करा देवें ताकि अनावश्यक रूप से शिकायतें नॉट अटेंड की स्थिति में न आ पाये। विभाग स्तर पर जो भी शिकायतें फोर्स क्लॉज हेतु प्रस्तावित की जाती है उनका भलिभाति सूक्ष्मता से परीक्षण कर लेवें ताकि कोई भी शिकायत निम्न गुणवत्ता की श्रेणी में फोर्स क्लोज न हो सके, अन्यथा की स्थिति में विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी तय की जावेगी। सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर संबंधित अधिकारी के पदस्थापना अनुसार ही पोर्टल पर अधिकारी का नाम दर्ज हो, यह समस्त लेवल अधिकारी एवं विभाग प्रमुख सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने समस्त विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ लेबल अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में अटेंड किये जाने हेतु निर्देशित करने हेतु निर्देश दिये हैं।

---

### एक लाख रूपए से अधिक की अवैध मदिरा व लाहन जब्त



अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने आबकारी विभाग द्वारा वृत्त बहोरीबंद क्षेत्रांतर्गत ग्राम करहिया, रेयपुराहार केमोरी हार, खम्हरिया, घुघरा हार एवं ग्राम बड़खेरा में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि दबिश के दौरान 35 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 675 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त शराब और महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 1 लाख 6 हजार 475 रूपये है। जब्त महुआ लाहन का सेंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के तहत चार प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशा राम उइके, वृत्त प्रभारी आबकारी उप-निरीक्षक केशव उइके, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, आंचल प्रजापति एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

---

## ज्ञापन सौंपकर जांच करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

भीम आर्मी द्वारा जनपद सीईओ एवम ब्लाक मेडिकल ऑफिसर को सौंपा शिकायती पत्र सौपा है। जिला उपाध्यक्ष जयचंद सूर्यवंशी एवम तहसील अध्यक्ष अंग्रेज सिंह के नेतृत्व में सौंपा गया शिकायती पत्र में पूर्व सरपंच एवं सचिव के द्वारा बाईपास खरीदी केंद्र दीदी कैफे के समीप सामुदायिक स्वास्थ्य परिसर बड़वारा में जो सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया है। उसमें लाखों रुपए की राशि का घोटाला किया गया है । जो आमजन के लिए अनुपयोगी है कुछ चंद लोगों को लाभान्वित करने के लिए शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया है। इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग भीम आर्मी भारत एकता मिशन के द्वारा की गई है । यदि इस पर जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो भीम आर्मी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

भीम आर्मी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में भी पँचायत द्वारा निर्मित सुलभ कॉम्प्लेक्स में व्याप्त गन्दगी से सम्बंधित ज्ञापन भी सौंपे जा चुके हैं फिर भी अभी तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है। केंद्र के हालात दिन पे दिन और बत्तर होते जा रहे हैं। रोजाना बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में दूर दराज से मरीज इलाज करबाने आते हैं एवम गर्भवती महिलाएं प्रसव करबाने आती हैं किंतु ये सभी अस्पताल परिसर में बने सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग नही कर पाते हैं क्योंकि अस्पताल परिसर में बने सार्वजनिक शौचालय का उपयोग नही कर पा रहे हैं क्योंकि शौचालय में गन्दगी फैली है, पानी की टँकी दिखावे के लिए लगवाई गई है टँकी में पानी ही नही है शीट में गन्दगी फैली है।

#### तो करेंगे आंदोलन

भीम आर्मी ने सौंपे शिकायती पत्र में लिखा है की बड़वारा में स्थायी बीएमओ की पदस्थापना की जाए। 1 बजे के बाद इलाज बंद हो जाता है। सभी कर्मचारी अपनी मनमानी करते हैं। स्टाफ एवम नियमित लैब टेक्नीशियन नही होने से समय पर रिपोर्ट नहीं मिलती है। क्यों कि लेब में स्टॉप की कमी है 3 स्टाफ की जगह 1 स्टाफ कम कर रहा है। LT को नियमित किया जाए । महिला डॉक्टर की सुविधा नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में किसी भी तरह की सुविधाएं नहीं है। स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाएं दुरुस्त किये जाने की मांग की गई है। यदि जांच कर शीघ्र कार्रवाई नही गई तो भीम आर्मी आंदोलन करने के लिए वाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जबाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

---

**उन्नत यंत्रों का प्रदर्शन और बेलर मशीन के जाने फायदे**

## नरवाई प्रबंधन सीखने जिले के किसानों ने किया सतना के बायोमास सेंटर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

फसल अवशेष (नरवाई) न जलाने और उसके वैज्ञानिक प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विकासखंड कटनी के ग्राम बांदा और बिछिया के किसानों के समूह को सतना स्थित आईटीसी चौपाल बायोधान केंद्र (बायोमास सेंटर) का भ्रमण कराया गया।

भ्रमण के दौरान, किसानों ने उन्नत नरवाई प्रबंधन यंत्रों के कार्य का अवलोकन किया और उनकी कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। किसानों को श्रेडर, मल्चर, बेलर, हेरेक, स्ट्रॉ रेक एवं स्लेशर जैसे आधुनिक यंत्रों के इस्तेमाल के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें विशेष रूप से बेलर मशीन से



पराली के कॉम्पैक्ट बंडल बनते हुए दिखाए गए और इस प्रक्रिया को समझाया गया।

बेलर मशीनें खेतों में बिखरी पराली को तुरंत कॉम्पैक्ट बंडल में बदलकर खेत की सफाई सुनिश्चित करती हैं, जिससे पराली जलाने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इन बंडलों को पेपर मिल, बायो-सीएनजी प्लांट और अन्य उद्योगों को बेचा जा सकता है, जो किसानों के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत बनता है। यह पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण और पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाता है।

#### फसल अवशेष जलाने के नुकसान पर जागरूकता

मार्गदर्शन में हुए इस भ्रमण में किसानों को पराली जलाने से होने वाले गंभीर नुकसानों के बारे में भी जागरूक करते हुये बताया गया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति में कमी आती है। मिट्टी के मित्र कीटों मर जाते हैं। साथ ही पड़ोस के खेतों में आग लगने का खतरा भी बढ़ जाता है।

#### मिलेगी सब्सिडी

कृषि अभियांत्रिकी विभाग की सहायक यंत्री कृति पाण्डेय ने बताया कि किसानों को नरवाई प्रबंधन यंत्रों को खरीदने के लिए ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। किसान हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, श्रेडर, मल्चर, बेलर, हेरेक, स्ट्रॉ रेक एवं स्लेशर जैसे यंत्रों के लिए आवेदन करके सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं।

---

**तिलक महाविद्यालय में विद्यापति स्मृति समारोह का दो दिनी आयोजन**

## सुप्रसिद्ध नृत्यांगना के निर्देशन में कत्थक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भोजपुरी साहित्य अकादमी तथा मप्र सांस्कृतिक परिषद, भोपाल के सौजन्य एवं जिला प्रशासन तथा शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विद्यापति स्मृति समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में हुआ। यह दो दिवसीय समारोह साहित्य, संगीत, नृत्य और लोक परंपराओं के विविध आयामों को समर्पित है।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल-चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। इसी क्रम में तिलक महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।

#### नृत्य की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

समारोह के प्रथम दिवस में सुप्रसिद्ध



कत्थक नृत्यांगना डॉ. विजया शर्मा के निर्देशन में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वे पिछले 30 वर्षों से नृत्य और साहित्य के समन्वय को अपनी साधना का आधार बनाकर कार्यरत हैं। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को साहित्यिक भावबोध एवं शास्त्रीय नृत्य की अद्भुत संगति से अभिभूत किया। उन्होंने मैथिल कोकिल विद्यापति की कविताओं पर अपनी सुंदर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम मे डॉ. विजया शर्मा ने कहा कि “विद्यापति के पदों में भक्ति, प्रेम और लोकभाषा की सहज माधुरी है। मेरी प्रस्तुति इसी माधुर्य को नृत्य-भावों के माध्यम से दर्शकों तक पहुँचाने का प्रयास है, ताकि साहित्य और नृत्य का यह संगम हृदय को छू सके।”

#### खुशियों से जुड़ा है विशेष नृत्य

तिलक महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शैला नृत्य ने समारोह में ग्रामीण चेतना और लोकजीवन की झलक से सभी का मन मोह लिया। यह नृत्य विशेष रूप से फसल की कटाई और नए अन्न के घर आगमन की खुशी में किया जाता है और गोंड जनजाति की सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा हुआ है। छात्राओं की आकर्षक प्रस्तुति ने उपस्थित जनों को ग्रामीण जीवन की सहजता, उल्लास और सांस्कृतिक गहराई का मार्मिक अनुभव कराया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार वाजपेई ने कहा कि “विद्यापति स्मृति समारोह हमारे संस्थान की सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में साहित्य, संगीत एवं लोककलाओं के प्रति संवेदना विकसित होती है। हम आगे भी इसी प्रकार पारंपरिक और आधुनिक कला-धाराओं के संरक्षण हेतु प्रयासरत रहेंगे।”

कार्यक्रम में मंच संचालन एवं एंकरिंग की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन सादात भारती द्वारा किया गया, जिनकी सधी हुई प्रस्तुति ने पूरे समारोह को संयोजित और प्रभावी बनाया। समारोह के दूसरे दिन साहित्य एवं संस्कृति से जुड़े विभिन्न सत्रों और प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा।

---

## गीता के उपदेश विपरीत परिस्थितियों में देते हैं संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में गीता जयंती के अवसर पर प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विमला मिंज के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्राओं को कर्मयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के युद्धक्षेत्र में अर्जुन को जो अमर उपदेश दिए, वे आज भी विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को संबल प्रदान करते हैं। निष्काम कर्म, धैर्य, संयम और आत्मसंयम ही जीवन का सच्चा सार है।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. विमला मिंज ने भगवद्गीता के 15वें अध्याय ‘पुरुषोत्तम योग’ की गहन व्याख्या की। उन्होंने बताया कि इस अध्याय में संसार को एक उल्टे पीपल के वृक्ष के रूप में दर्शाया गया है, जिसकी जड़ें ऊपर और शाखाएँ नीचे की ओर हैं। संसार की आसक्ति ही बंधन का कारण है तथा भगवान ही पुरुषोत्तम हैं।

गीता जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने ऑनलाईन पंजीयन कराया है।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना जैन, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, के.जे. सिन्हा, डॉ. वीणा सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, बंदना मिश्रा, डॉ. रोशनी पाण्डेय, विनेश यादव, सुश्री मिथलेश्वरी आदि की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### जिपं सीईओ का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे जिला पंचायत दमोह ने शासकीय प्राथमिक शाला जमुनिया, माध्यमिक शाला जमुनिया एवं एकीकृत माध्यमिक शाला भीलमपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शालाओं में बन रहे मध्यान्ह भोजन किचिनशेड में जाकर देखा गया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता एवं मीनू के अनुसार भोजन वितरण करने संबंधी निर्देश दिये। सीईओ श्री फुलपगारे ने बताया निरीक्षण के दौरान शालाओं में निर्धारित मीनू अनुसार भोजन वितरण किया जा रहा था, जिसमें कड़ी पकोड़ा एवं बेजीटेवल पुलाव/चांवल था। उन्होने परिसर की साफ-सफाई का ध्यान देने हेतु प्रधानाध्यापकों/ उपस्थित स्टाफ को निर्देश दिये। स्व-सहायता समूहों को बर्तन क्रय हेतु जारी की गई राशि के संबंध में शासन निर्देशों के अनुरूप ही बर्तन क्रय किये जाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निरीक्षण उपरांत जिले के सभी सीईओ जनपद पंचायत, बीआरसीसी के साथ जूम व्हीसी के माध्यम से भी जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं हेतु जारी शासन निर्देशानुसार बर्तन क्रय निर्धारित शाला स्तरीय समिति के माध्यम से करते हुए जनपद स्तरीय समिति के द्वारा 30 नवम्बर तक भौतिक सत्यापन उपरांत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये। निरीक्षण के समय परियोजना अधिकारी मध्यान्ह भोजन प्रभुशंकर पाण्डेय जिला पंचायत दमोह भी मौजूद रहे।

### पुरूष नसबंदी एनएसव्हीटी महज 5 मिनट की प्रक्रिया

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत जिले के हर ब्लॉक में पुरूष सहभागिता सम्मेलन आयोजित किये जा रहे है। विकासखंड में आयोजित सम्मेलनों में पुरूषों को प्रेरित किया जा रहा है कि परिवार कल्याण में पुरूष सक्रिय सहभागिता निभायें, विशेषकर तब, जब पत्नि उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली रही हो। वर्तमान समय में अनेक जोखिम वाली महिलाएं है जिनका ऑपरेशन कराना स्वास्थ्य की दृष्टि से खतरनाक हो सकता है। ऐसे में परिवार नियोजन में पुरूष की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुरूषों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि परिवार स्वस्थ, सुरक्षित और संतुलित हो सके। नॉन स्कैल्पल वैसेक्टॉमी (एनएसव्हीटी) महिला की नसबंदी की तुलना में कहीं अधिक सरल, सुरक्षित, बिना दर्द वाली प्रक्रिया है। महज 5 मिनट ही लगते है। न ही अधिक समय लगता है। पुरूष नसबंदी एनएसव्हीटी महज 5 मिनट की प्रक्रिया किसी प्रकार का कोई ऑपरेशन नहीं होता। इसमें परिवार नियोजन का भार महिला पर नहीं पड़ता।

### अंतिम 6 दिनों में मतदाता सूची को अधिक से अधिक शुद्ध बनाने पर रहेगा फोकस

# जिले में एसआईआर का अब तक 92 प्रतिशत काम हो गया है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत जिले में विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य निरंतर चल रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आज जिले के जनप्रतिनिधियों सहित मीडियाजनों से चर्चा करते हुये बताया जिले में विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य निरंतर चल रहा है, अंतिम 6 दिनों में हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक मतदाता सूची की शुद्धता बना सकें, ताकि किसी अपात्र व्यक्ति का नाम न जुड़े, पात्र व्यक्ति का नाम न कटे तो हमारे लिए आवश्यक है, अच्छे तरीके से मैपिंग हो जायें, साथ ही जिनको ASDR कहते है, ऐसे मतदाताओं की भी सूची तैयार कर रहे है, जिसका प्रकाशन सभी प्रमुख कार्यालयों में 5 से 8 दिसम्बर तक करेंगे, जिस पर लोग अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते है, जिनकी मैपिंग नही होगी उनके लिए नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा मतदाता व्यक्ति को 12 दस्तावेजो में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करके उसमें सुनवाई का अवसर दिया जायेगा, फिर उनके बारे में निर्णय लिया जायेगा, जिनकी मैपिंग नही हो पा रही है या तो अपसेंट, शिफ्टेड, डेड या रिपीटेट मतदाता है, तो उस कैटेगरी में उनका चिन्हांकन होगा। उन्होंने कहा जो दोनो कैटेगरी में नही आते फाइनली नो मैपिंग की कैटेगरी में जायेगा, जिनको नोटिस जारी, करेगे नाम किसी का नहीं कटेगा।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा 28 नवम्बर के 2 बजे की स्थिति में जिले का काम 91.04 प्रतिशत से अधिक हो गया है, शाम 4 बजे तक 92 प्रतिशत तक हो जाने की संभावना है, जिले के दो सब-डिवीजन हटा और जबेरा में काम 95 प्रतिशत से अधिक हो गया है, पथरिया में 91 प्रतिशत से अधिक काम हो गया है, इस प्रकार हमारी तीन विधानसभा में 90 प्रतिशत से अधिक काम हो गया है और दमोह विधानसभा 84 प्रतिशत से अधिक पहुँच चुकी है, शाम तक 85 प्रतिशत तक पहुँच जाने की संभावना है।

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया अगर कोई व्यक्ति किसी कारण से बाहर है, तो आयोग ने यह व्यवस्था की है कि यदि उनका गणना पत्रक फार्म जनरेट हुआ है, उनके परिजन फार्म भरकर जमा करा सकते है, प्रशासन प्रयास कर रहा है, जो बाहर है उनसे संपर्क हो जाये और उनके फार्म भरवा लिया जाये, ऑनलाईन फार्म भरने की व्यवस्था है, हमारे यहाँ 400 से अधिक लोगो ने फार्म भरने की व्यवस्था का उपयोग किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने बताया कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा एसआईआर के संबंध में समीक्षा बैठक रखी थी, जिसमें सभी पार्षद गण, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य अन्य जनप्रतिनिधि गण सम्मिलित हुए। इस बैठक में एसआईआर के संबंध में जो दिक्कते आ रही है उस पर विस्तृत चर्चा हुई है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सर्रा में नहीं मिल रही 108 वाहन की आपातकालीन सेवा

### ग्रामीणों को करना पड़ता है 2 से 3 घंटे तक इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा




स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर तेंदूखेड़ा ब्लॉक के दर्जनों उप स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कई सुविधाओं से वंचित हैं। ऐसे ही हाल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जूझ रहा है। इस केंद्र में आने वाले दो दर्जन से अधिक गांव के लोग हमेशा से आपातकालीन सेवा 108 एम्बुलेंस के लिए परेशान हैं। क्योंकि यहां पर मरीजों को गंभीर स्थिति में 3 से 4 घंटे तक 108 की सेवा के लिए इंतजार करना पड़ता है। क्योंकि सर्रा उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के लिए 50 या 30 किमी दूर या फिर 90 किमी दूर दमोह से 108 वाहन को बुलाना पड़ता है। तब जाकर मरीजों को 108 सेवा का लाभ मिल पाता है। दरअसल ब्लॉक अंतर्गत आने वाले सर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस न होने से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है, जबकि इस केंद्र के भरोसे 25 से अधिक गांव है। जिससे प्रसूता महिलाओं के साथ गंभीर मरीजों के लिए 108 व जननी वाहन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र से या फिर तारादेही से एम्बुलेंस बुलानी पड़ती है। अगर दोनों जगह एम्बुलेंस नहीं होने से जिला मुख्यालय दमोह से 90 किमी दूर से बुलाना पड़ता है। इस कारण कई बार विवाद के हालत बन जाते है। वाहन की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर लगाने पर या तो तेंदूखेड़ा का वाहन जाता है या फिर दमोह या अन्य जगह से वाहन बुलाए जाते हैं। जिनमें अधिकांश वाहन तो जाते ही नही और जो जाते है। तीन से चार घंटे बाद मौका स्थल तक पहुंच पाते हैं।

#### मांग को किया गया अनदेखा

सर्रा निवासी मान सिंह यादव ने बताया कि कई साल से प्राथमिक स्वस्थ केंद्र में जननी और 108 वाहन की मांग कर रहे है, लेकिन आज तक मांग पूरी नहीं हुई। जबकि सर्रा प्राथमिक स्वस्थ केंद्र में प्रतिदिन दो से तीन प्रसूता महिलाएं आती हैं। ग्रामीण कुंज बिहारी विश्वकर्मा ने बताया कि मेरा गांव सर्रा से 7 किमी दूर है और गांव में कोई चार पहिया वाहन नहीं है। जब प्रसूता महिलाओं को रात के समय तकलीफ होती है तो उनको बाइक पर बैठाकर सर्रा लेकर आना पड़ता है। सरसेला निवासी राहुल ठाकुर ने बताया की गांव से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सर्रा तक तो महिलाओं को मुश्किलों का सामना करके ले जाते हैं। यदि किसी महिला को सर्रा से इमरजेंसी में रेफर किया जाता है तो कई घंटों तक कोई वाहन नहीं मिलता है कभी कभी बाइक से तेंदूखेड़ा लेकर गए हैं। लोग जननी वाहन की लगातार मांग कर रहे है, लेकिन लाभ आज तक इस सर्रा को 108 वाहन नहीं मिला सका है।

#### गांवों के सरपंच भी उठा चुके है मांग

भैंसा के सरपंच जगन ठाकुर ने बताया की सर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जननी वाहन बहुत जरूरी है, क्योंकि अभी वाहन तेंदूखेड़ा तारादेही से आता है, लेकिन कभी-कभी दमोह से भी 108 वाहन को बुलाना पड़ता है। जहां सूचना देने के दो घंटे से तीन घंटे बाद आ पाता है। और फिर वापस जाने में भी दो घंटे लगते हैं। कई बार जननी वाहन की मांग कर चुके हैं, लेकिन वाहन नहीं आया है। कुदपुरा सरपंच पुनु परसते ने बताया की जननी वाहन की मदद के लिए जब भी फोन लगाते है तो वाहन तेंदूखेड़ा तारादेही से आता है। इन सभी सेंटरो की दूरी सर्रा से 40-50 किमी दूर है। जिनको आने में दो घंटे और वापस जाने में दो घंटे लगते हैं। ऐसी स्तिथि में कई बार समस्याओं का सामना करना पड़ा है। कई बार जननी वाहन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजने की बात कही लेकिन आज तक कोई निराकरण नहीं हुआ।

#### डॉक्टरों के आवास बने पक्षियों के घर

वहीं लोगों ने कहा कि सर्रा में डॉक्टरों के लिए शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर पक्के आवास भी बनाए गए हैं लेकिन यह आवास अब पक्षियों के लिए घर बने हुए हैं। या फिर देखरेख नहीं होने के चलते खंडहर होते हुए नजर आ रहे हैं। ग्रामवासियों का कहना है अगर सर्रा केंद्र अंतर्गत आने वाले पूरे 25 गांव की जनसंख्या की बात करें तो क्षेत्र में 15 हजार से अधिक की संख्या में हैं और लोग निवास करते हैं लेकिन इन लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं कुछ भी नहीं है।

#### एम्बुलेंस के इंतजार में हो चुकी है मौत

सर्रा स्वास्थ्य केंद्र में 108 वाहन नहीं होने के कारण कई लोगों की मौत तक हो चुकी है क्योंकि 108 वाहन को बुलाने पर दो से तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ता है तब जाकर वाहन आता है जबकि तक मरीज या फिर घायल व्यक्ति की मौत हो जाती है। दूसरी ओर यह क्षेत्र जबेरा विधानसभा में आता है जहां के विधायक राज्यमंत्री है फिर भी इस क्षेत्र में 108 वाहन उपलब्ध नहीं है साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

## बाल विवाह रोकने कैंडल जलाकर ली शपथ,100 दिन का अभियान शुरू




**दमोह।** दमोह के बालिका छात्रावास में बाल विवाह रोकने कैंडल जलाकर शपथ ली गई इसी के साथ 100 दिन के अभियान की शुरुआत भी हुई है दरअसल दमोह की संकल्प समाज सेवी संस्था और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त आयोजन में जिले में बाल विवाह रोकने 100 दिन का अभियान शुरू हुआ है इसके पहले सैकड़ो की तादाद में छात्राओं ने और दमोह की जानी-मानी प्रतिष्ठित महिलाओं ने एक साथ केडिल जलाकर बाल विवाह रोकने की शपथ ली, बीते 1 साल में इस संस्था ने लगभग 115 बाल विवाह रोके हैं,आगे यह 100 दिनों तक अभियान चलाएगा और जिले को बाल विवाह मुक्त मनाया जाएगा. बालिका छात्रावास में हुए इस गरिमा में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा अपने-अपने उद्बोधन दिए गए वहीं यहां पर मौजूद बालिकाओं को इस मुहिम के प्रति जागरूक किया गया बालिकाओं को उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए और आगामी समय में अपने आप को सुदृढ़ बनाने के टिप्स भी यहां पर मौजूद अतिथियों द्वारा दी गई इस कार्यक्रम के दौरान डॉ चटर्जी मेडम डॉ० मोनिका पालीवाल डॉ प्रिया श्रीवास्तव शिक्षा विद अरुणा उज्जैनकर रजनी ठाकुर रश्मि वर्मा राठौर मेडम CWC खुशबू तिवारी वीरेन्द जैन,(यूनी सेफ) मनीष सोनी, आयोजक देवेन्द दुबे, मनोज रजक, दिशा पटैल, होस्टल इन्चार्ज राज लक्ष्मी पाराशर की विशेष मौजूदगी रहे कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ समाज से भी खुशबू तिवारी ने किया।

## फायलेरिया नियंत्रण हेतु चिन्हित ग्रामों में किया गया नाईट ब्लड सर्वे

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठ्या के निर्देशन में जिले के मलेरिया विभाग द्वारा मलेरिया, डेंगू/चिकिनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के साथ-साथ फायलेरिया (हांथीपांव) बीमारी के नियंत्रण हेतु भी समय-समय भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इसी क्रम में जिले के चिन्हित ग्रामों में नाईट ब्लड सर्वे का कार्य किया गया जिसमें फायलेरिया (हॉथीपांव) के परजीवी की जॉच की जाती है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 20 वर्ष से उपर प्रत्येक साईट पर 50 लोगों के रक्त नमूने प्राप्त किये जाते हैं, इसके बाद रक्त की जॉच कर फायलेरिया परजीवी के मौजूद होने का पता लगाया जाता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 24 नवम्बर को दमोह शहरी क्षेत्र के मांगज वार्ड क्रं 06 में 51 लोगों के रक्त नमूने फायलेरिया की जॉच हेतु प्राप्त किये गये। 25 नवम्बर को हटा ब्लॉक के निमरमुण्डा ग्राम के 50 लोगों के रक्त नमूने फायलेरिया की जॉच हेतु प्राप्त किये गये। 26 नवम्बर को हिण्डोरिया नगर के वार्ड क्रं. 03 में 51 लोगों के रक्त नमूने फायलेरिया की जॉच हेतु प्राप्त किये गये एवं 27 नवम्बर को पथरिया ब्लॉक के ग्राम नंदरई में 61 लोगों के रक्त नमूने फायलेरिया की जॉच हेतु प्राप्त किये गये। जिनकी जॉच कर रक्त में फायलेरिया परजीवी का पता लगाकर पॉजिटिव व्यक्तियों को उपचार उपलब्ध कराया जावेगा। जिला मलेरिया अधिकारी यामिनि सिलारपुरिया ने बताया जिले के कई ग्राम फायलेरिया प्रभावित हैं और फायलेरिया का संक्रमण अन्य व्यक्तियों में न फैले इस हेतु समय-समय पर नाईट ब्लड सर्वे कराया जाता है क्योंकि फायलेरिया के परजीवी रात्रि में ही रक्त में विचरण करते हैं। इसी लिये फायलेरिया की जॉच रात्रि मे ही की जाती है।

## स्वास्थ्य केन्द्र में लगा महिला नसबंदी शिविर



**हिण्डोरिया।** मध्य प्रदेश राज्य शासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित परिवार नियोजन अभियान के तहत स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। इस संबंध में शिविर प्रभारी एवं केंद्र के बीएमओ अमित मिश्रा ने बताया कि उक्त लेप्रोस्कोप पध्दति से किये जाने वाले महिला नसबंदी शिविर में शुक्रवार को 41 महिलाओं का विधिवत पंजीयन कर उनकी डॉ. गुलाब तिवारी व्दारा सफलतापूर्वक नशबंदी की गई। उन्हें आवश्यक दवाईयां एवं उचित सलाह दी भी गई। श्री मिश्रा ने बताया कि केन्द्र मे अब सभी शिविर प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को ही आयोजित किये जायेंगे। शिविर मे महिलाओं की जांच डॉ. ज्योति दुबे, डॉ. रंजीता गागरा, औषधि वितरण कार्य प्रकाश त्रिपाठी, लैब जांच कार्य रूची रावत, कृष्णकांत अहिरवार, पंजीयन कार्य सत्यम खरे, पंकज वर्मा, एलएल अहिरवार व्दारा किया गया। शिविर मे केन्द्र स्टाफ एवं सभी आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय रही।

## बंदियों ने दी गीता ज्ञान की परीक्षा




**हटा।** सब जेल हटा में जेल मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार बंदियों के बीच गीता ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा कराई गई जिसमें 15 बंदियों ने भाग लिया। सब जेलर नागेंद्र चौधरी ने बताया कि गीता ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान हरीशंकर ने 70 अंक प्राप्त किये। विशेष जेल में साक्षरता अभियान के अंतर्गत में शिक्षित हुआ बंदी नफू उर्फ नफीश ने गीता परीक्षा

## कृष्ण—सुदामा : सच्ची मित्रता और निश्छल प्रेम का अनुपम उदाहरण

**तेंदूखेड़ा।** सैलवाडा। स्थानीय ग्राम सैलवाडा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास श्री बृज बिहारी सरकार (अनिकेत कृष्ण) ने इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिससे पूरे पांडाल में आध्यात्मिक वातावरण गूँज उठा। कथा के आरंभ में उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के 16,108 विवाहों के आध्यात्मिक और सांकेतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह घटना केवल चमत्कार या संख्या मात्र नहीं है, बल्कि यह श्रीकृष्ण की करुणा, संरक्षण, और प्रत्येक भक्त के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। भगवान ने जिन कन्याओं का उद्धार किया, उनके जीवन में सम्मान और सुरक्षा का संचार किया—यह धर्म के पालन का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। इसके बाद उन्होंने अत्यंत संवेदनशील शैली में कृष्ण—सुदामा प्रसंग का वर्णन किया। सुदामा का निर्धन जीवन, द्वारका पहुँचने की विनम्रता और उनके हृदय की पवित्रता का उल्लेख करते हुए कथाव्यास ने बताया कि सच्चे मित्रता में अपेक्षा नहीं होती। कृष्ण ने अपने प्रिय मित्र का स्वागत अत्यंत प्रेम से किया, उनके चरण धुले



और बिना कुछ माँगे लौटे सुदामा को अनंत ऐश्वर्य का वरदान दिया। यह प्रसंग दर्शाता है कि प्रेम, विनम्रता और निस्वार्थता ही जीवन के सच्चे धन हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव सत्य बोलना चाहिए, क्योंकि सत्य ही चरित्र और जीवन की मजबूती का आधार है। सुदामा चरित्र को हास्य का प्रसंग बना दिया है कुछ कथा आचार्याओं ने । सुदामा जी के साथ कोई इसी प्रकार का छल नहीं होना चाहिए भगवान के यहां हमेशा हर किसी को गले से लगाया गया है यह कौन विभूति है जिसके लिए द्वारकाधीश भी दौड़े चले जा रहे हैं जब साक्षात लक्ष्मी जिनके सामने पंखा चला रही हो और भगवान जिनके पैर दबा रहे हो उनसे धनवान संसार में कौन हो सकता है। कथा के दौरान श्री बृज बिहारी सरकार ने भारतीय संस्कृति में ब्राह्मण, गौसेवा और धर्म की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शास्त्रों के अनुसार यदि ब्राह्मण असंतुष्ट होकर घर त्याग दें, तो यह समाज के लिए शुभ संकेत नहीं होता। उन्होंने कहा कि गाय की सेवा और ब्राह्मणों का सम्मान भारतीय धर्म की मूल धुरी रहे हैं और इन्हीं की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लिया था। उन्होंने बताया कि इतिहास में जब-जब धार्मिक राजा हुए, तब धर्म की रक्षा का कार्य ब्राह्मणों ने ही निभाया। दिन की कथा में राजा परीक्षित मोक्ष का दिव्य प्रसंग भी विस्तारपूर्वक सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के बाद चावल प्रसाद का वितरण महाराज श्री के द्वारा करवाया गया कथा के समापन पर उपस्थित भक्तों ने भक्ति-रस का रसपान किया।

## 6 माह तक नवजात बच्चों को केवल माँ का दूध ही देना चाहिए

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम धनगौर आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 76 में बच्ची की 6 माह की उम्र पूर्ण होने के अवसर पर विशेष अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्ची भक्ति किरण पाल के लिए पारंपरिक रीति से पहली बार अन्न ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण खरे ने उपस्थित माताओं एवं महिलाओं को शिशु पोषण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जन्म से 6 माह की उम्र तक के बच्चों को केवल माँ का दूध ही देना चाहिए, क्योंकि यह बच्चे के संपूर्ण विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कुपोषण की समस्या के बारे में बताया कि संतुलित आहार और सही समय पर पूरक आहार देने से कुपोषण में कमी लाई जा सकती है। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं बच्चों के स्वस्थ विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में सकुन बाई, रेखा पाल, बच्ची की माँ कल्पना पाल, ज्योति, गायत्री सहित तदर्थ पोषण समिति के सदस्य भी शामिल रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए स्वस्थ शिशु पालन का संकल्प लिया।



### आनंदधाम में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं संत समागम के भव्य आयोजन में उमड़ रहे श्रद्धालु

# प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में धर्म और आचरण को स्थान देना चाहिए : दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



आनंदधाम पुरेनहाउ जबेरा में दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में श्री शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं संत समागम का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने श्रोताओं को सनातन धर्म के उपदेशों से अवगत कराते हुए कहा कि सुखदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को जीवन, धर्म और समाज के मूल सिद्धांतों का बोध कराया था। उन्होंने कहा कि महाभारत के प्रसंग में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि ब्राह्मण का वध किसी भी परिस्थिति में नहीं करना चाहिए एवं किसी सज्जन पुरुष का सार्वजनिक रूप से अपमान नहीं करना चाहिए क्योंकि यह जीवन भर का दुख बन जाता है और उसका प्रभाव व्यक्ति एवं समाज दोनों पर नकारात्मक रूप से पड़ता है। कथा व्यास दंडी स्वामी महाराज ने बताया कि आज प्रत्येक मनुष्य अमर होना चाहता है लंबे जीवन की कामना करता है परंतु जहां उसे अंततः जाना है उसकी तैयारी कोई नहीं करता। कलयुग का उल्लेख करते हुए कथा व्यास ने बताया कि शास्त्रों में कलयुग को चार स्थानों पर निवासरत बताया गया है पहला जहां जुआ खेला जाता हो, दूसरा जहां शराब का सेवन होता हो, तीसरा जहां व्यभिचार पनपता हो और चौथा जहां जीव हत्या होती हो। कलयुग में केवल सत कर्म करने और भगवान नाम का स्मरण करते रहने से व्यक्ति के जीवन का उद्धार हो जाता है। कथा व्यास ने श्रम की महत्वता का उल्लेख करते हुए कहा कि पाप की कमाई कभी फलती नहीं है बल्कि अंत में टूट जाती है इसीलिए अपने श्रम और नीति धर्म अनुसार ही धन का अर्जन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आज का समाज तेजी से पतन की ओर जा रहा है क्योंकि लोग धर्म से विमुख होते जा रहे हैं परिवार और समाज को संस्कारित बनाना है तो प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में धर्म और आचरण को स्थान देना होगा। कथा व्यास ने विवाह संस्कार की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वैदिक विधि से विवाह करना अत्यंत आवश्यक है यदि माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान संस्कारवान बने तो विवाह जैसे महत्वपूर्ण संस्कार को शास्त्र सम्मत पद्धति से ही संपन्न करना चाहिए। कथा व्यास दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने भक्त प्रहलाद चरित्र एवं ध्रुव चरित्र का भाव विभोर करने वाला प्रसंग भी श्रोताओं को श्रवण कराया। कथा के तृतीय दिवस श्री श्री 108 महंत सीताराम शरण जी महाराज लोढा पहाड़ भी सम्मिलित हुए।

## सिंग्रामपुर में जननायक कार्यक्रम का भव्य समापन

### वीरांगना रानी दुर्गावती की जीवनगाथा से नई पीढ़ी को मिल रही प्रेरणा



**सिंग्रामपुर।** यहां जननायक कार्यक्रम का समापन शहर में बड़ी गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम में सिगौरगढ़ की वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन, उनके शौर्य, पराक्रम और समाजसेवा पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित नागरिकों को उनके आदर्शों को अपनाने और आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में धार्मिक सांस्कृतिक स्वतंत्र प्रभार मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रानी दुर्गावती जैसी महान विभूतियों की गाथा सुनना और उनके आदर्शों को समझना हमारी संस्कृति और समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती ने अपने समय में अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया और समाज को एकजुट कर राष्ट्र को मजबूत किया। इस अवसर पर मंत्री लोधी के साथ सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, खड़क सिंह, मुलायचंद जैन, अजय राय, गोलू साहू, कल्याण चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामेश्वर पटेल, सुरेश प्रजापति और उपयंत्री सचिव राकेश ठाकुर भी शामिल हुए। स्थानीय नागरिकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को इतिहास से जोड़ते हैं और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और अंत में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

### खबर संक्षेप

## दो प्रकरणों में साढ़े पांच हजार रूपये का किया ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के देहात थाना अंतर्गत दो प्रकरण में पाँच हजार पाँच सौ रूपये का इनाम घोषित किया है । पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 753/25 धारा 108 बीएनएस 3(2)5, 3(2)5क, 3(1)द, 3(1)घ एससी, एसटी एक्ट के तहत आरोपी धीरेन्द्र सिंह राजपूत पिता स्व. प्रताप सिंह राजपूत निवासी सागर नाका पुलिस चौकी के पीछे हिरदेपुर थाना दमोह देहात पर 2500 रूपये एवं नीतू पति धीरेन्द्र सिंह राजपूत निवासी सागर नाका पुलिस चौकी के पीछे हिरदेपुर थाना दमोह देहात पर 2000 रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 797/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी पर 1000 रूपये का इनाम घोषित किया है।

## 13 अधिकारी दमोह में आधारभूत प्रशिक्षण पर

**दमोह।** भोपाल की नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी में राज्य प्रशासनिक सेवा के 13 अधिकारियों द्वारा आधारभूत प्रशिक्षण दमोह के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राप्त किया। उक्त अधिकारियों को तीन दलों में जनपद दमोह, पटेरा, एवं पथरिया आवंटित किया गया था। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई जा रही योजनाओं का अध्ययन ग्रामीण परिवेश रहन-सहन खान-पान सामाजिक आर्थिक गतिविधियों का अध्ययन के साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था का प्रशिक्षण 24 से 29 नवंबर तक किया जा रहा है, जिसमें ग्राम पंचायत स्तर जनपद पंचायत स्तर एवं जिला पंचायत स्तर पर योजनाओं एवं वित्त प्रवाह के बारे में 6 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण दिया गया।

## सामुदायिक भवन का हुआ भूमि पूजन

**दमोह।** ग्राम पंचायत चोपड़ा खुर्द स्थित परशुराम टेकरी पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। यह भवन मद सांसद निधि के 10 लाख एवं विधायक निधि के 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में दमोह सांसद राहुल सिंह एवं विधायक जयंत मलैया ने भाग लेकर भगवान परशुराम जी का पूजन-अर्चन किया।इस अवसर पर श्याम शिवहरे, विद्यासागर पांडे, सरपंच जयपाल यादव, पवन तिवारी, मनीष तिवारी, मनु मिश्रा, अखिलेश तिवारी, मोंटी रैकवार, ब्रजेश गर्ग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### धन के लालच में आए दिन खोदे जाते है गड्ढे, देवरी ग्राम में सैकड़ों मूर्तियां हुई जमीदोज

# घने जंगल के बीच आज भी खड़ा है 24 दरवाजे वाला हजारों साल पुराना मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



आज भी कुछ प्राचीन मंदिर व किले पर्यटन की नजर से दूर है जिनका न ही पुरातत्व विभाग को पता है न ही शासन के पर्यटन विभाग को जिससे धीरे-धीरे यह खंडहरों में तब्दील होने की कगार पर हैं तेन्दूखेड़ा मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत चंदना के ग्राम हरई से 5 किमी दूर जंगल में एक हजार साल से भी अधिक पुराने मंदिर बने होने की किसी को भी जानकारी नहीं है। सिर्फ जंगल में बसे ग्राम के बुजुर्गों को ही पता है कि जंगल में राजाओं के द्वारा निर्माण कराया गया एक मंदिर है यहां, जिसमें पुरातन काल के राजाओं की धरोहर जमीन में अनेक स्थानों पर बिखरी पड़ी है। जिसमें प्राचीन मंदिर मठ, मूर्तियां जमींदोज हो गई है। ग्राम के लोगों ने कहा कि यहां पर सैकड़ों आकर्षक मूर्तियां है पुरातन धरोहर के निशान एवं मूर्तियां एवं मठ देवरी ग्राम में बिखरी पड़ी है। चंदना ग्राम से लगभग 10 किमी दूर पहाड़ पर हजारों साल पुराना एक मंदिर बना हुआ है। ग्राम के लोग जिसे मंदिर वाला भरका के नाम से जानते हैं। मंदिर में कोई मूर्ति स्थापित नहीं है ग्राम के बुजुर्गों का कहना है कि मंदिर के ऊपर भगवान भोलेनाथ की जलहरी बनी हुई है। साथ ही मंदिर में दरवाजों की चौखट लगी थी, लेकिन आज मूर्तियां गायब है। मंदिर के चारों तरफ 24 दरवाजे है। ऊपर जाने के लिए पत्थर की सीढियां बनी हुई है। सीढ़ियों के नीचे शयन कोठी बनी है। जिसमें नीचे ताकिया नुमा पत्थर लगा हुआ है, लेकिन इस मंदिर में धन के लालचियों ने पत्थर हटाकर यहां गहरा गड्ढा खोद दिया गया है। वर्तमान में मंदिर के नाम पर मात्र लगभग 12-13 फीट ऊंची दीवारें बनी हुई है। हर्रई गांव के 90 वर्षीय फतेह सिंह आदिवासी ने बताया 40 साल पहले मंदिर वाला भरका देखा था उस वक्त मंदिर के ऊपर जलहरी एवं चारों ओर चौखट लगी हुई थी। हमारे पूर्वजों ने बताया था कि यहां पर हजारों साल पहले एक राजा ने जंगल में तपस्या कर सकने एक संत को पहाड़ पर रहने के लिए मंदिर बनाया था जहां इस मंदिर में चारो ओर 24 दरवाजे लगे हुए थे, जिससे यह प्रतीत होता है कि राजा, मां गायत्री का भक्त था यहां के मंदिर का विधिवत इतिहास किसी को मालूम नहीं है गांव के जयराम पाल 75 वर्ष भूरे आदिवासी 70 वर्ष फतेह सिंह आदिवासी 95 वर्ष ने बताया कि यहां पर एक माता का मंदिर भी है, जो कि काली माता के नाम से हम लोग जानते हैं और पूजा करते हैं। साथ ही सिद्ध बाबा भी मौजूद हैं। इस जंगल में जहां पर एक सांप रहता है जो कि कई बार लोगों को दर्शन देने के लिए आता है। बताया गया है कि सिद्ध बाबा महाराज के पास जो एक सांप है वह दिनभर जंगलों में घूमने के लिए निकल जाता है और रात में सिद्धबाबा के पास आ जाता है। हल्ले आदिवासी ने बताया कि हम लोगों को कई बार दर्शन दे चुका है साथ ही कुछ ही दूरी पर एक माता का मंदिर भी है जहां पर लोग नवरात्रि में पूजा अर्चना करते हैं और आते रहते हैं।

### उप वनमंडल अधिकारी और रेंजर ने किया निरीक्षण

वहीं शुक्रवार को 24 दरवाजे वाले इस मंदिर को देखने के लिए तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक दुबे और तारादेही वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर यहां पर पहुंचे और मंदिर को देखा उप वनमंडल अधिकारी ने बताया कि यह मंदिर हजारों साल पुराना है और तारादेही वन विभाग की देवरी हर्रई बीट में जंगल के बीचोंबीच स्थित है उसके बाद जबलपुर जिले की सीमा लग जाता है।

### रानी दुर्गावती को रुकने के लिए बनाया गया था दो दिन में

वही देवरी गांव के कुछ बुजुर्ग ने बताया कि हमारे पूर्वजों ने बताया कि यह किला जबलपुर जिले में आने वाले हीरापुर के राजाओं द्वारा रानी दुर्गावती को रुकने के लिए दो दिन के अंदर बनवाया गया था क्योंकि रानी दुर्गावती का निमंत्रण हीरापुर के राजा के यहां पर था जिसके के लिए इस 24 दरवाजे वाले इस मंदिर का निर्माण हुआ था लेकिन रानी दुर्गावती का आना नहीं हुआ है यह मंदिर आज भी वैसा ही पड़ा हुआ है यह मंदिर एक हजार साल पुराना है।

### घाट उत्तरने के बाद लग जाता है जबलपुर जिला

24 दरवाजे वाले मंदिर के अंदर धन की लांच में लोगों ने मंदिर के अंदर भी बड़े-बड़े गड्ढे बना दिए है, जो कि धन निकालने के लिए खुदाई की गई हो वहीं जब इस घने जंगल में पहुंचकर देखा तो मंदिर के तीन और पहाड़ों के बड़े-बड़े भरका थे जो कि देखने के लायक ही थे। लोगों ने बताया कि इस पहाड़ के 1 किमी नीचे घाट उतरने के बाद जबलपुर जिले की सीमा लग जाता है। मनकेड़ी- बेलखेड़ा सहित विभिन्न गांव आते हैं। मंदिर के एक किलोमीटर के दायरे से पहाड़ व भरका दिखाई देते हैं। वहीं जंगल इतना घना है कि अकेले जाने में भी लोगों को डर लगता है।

## सोयाबीन की भावांतर खरीदी में गड़बड़ी करने पर हटा मंडी के 3 व्यापारियों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भावांतर योजना अंतर्गत हटा कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की खरीदी जा रही है जिसमे ई पोर्टल पर खरीदी और गोदाम में उपलब्ध स्टॉक में अंतर पाए जाने पर तीन गल्ला व्यापारी बिट्ठल ट्रेडर्स के प्रखर पिता प्रकाश अग्रवाल, अग्रवाल ट्रेडिंग के प्रकाश बीठल (अग्रवाल) एवं मां चण्डी इंटर प्राइसेस के रामस्वरूप अग्रवाल के विरुद्ध मंडी अधिनियम एवं बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मंडी सचिव ज्ञान प्रकाश कपिल की रिपोर्ट पर हटा पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मंडी सचिव द्वारा पुलिस थाने में दी गई लिखित तहरीर संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड द्वारा की गई जांच के प्रतिवेदन,जांच के दौरान बनाए गए पंचनामा और मंडी कार्यालय में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर हटा पुलिस थाना में तीनों गल्ला व्यापारी प्रखर अग्रवाल उनके पिता प्रकाश अग्रवाल और रामस्वरूप असाटी के खिलाफ बी एन एस की धाराओं 316(5) ,318(4) एवं कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धाराओं 32,19(6)एवं उपविधि 20(10) के अंतर्गत घटित पाए जाने पर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।उल्लेखनीय है कि 21 नवंबर को मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक ने भावांतर की खरीदी के आंकड़ों में फसल उत्पादन से बहुत ज्यादा वृद्धि होने पर औचक जांच की थी।मंडी के ई पोर्टल पर खरीदी के आंकड़ों का सत्यापन संदेही व्यापारियों की पंजीकृत गोदामों के स्टॉक से किया गया था जिसमें भारी विसंगति पाई गई थी मौका पंचनामा बनाया गया था जिसमें बिट्ठल ट्रेडर्स और अग्रवाल ट्रेडिंग का संयुक्त स्टॉक खरीदी से 1969 क्विंटल कम पाया गया था।इसी तरह मां चण्डी इंटरप्राइजेज का स्टॉक खरीदी से 2850.58 क्विंटल कम पाया गया था गल्ला व्यापारियों के विरुद्ध भावन्तर योजना में रीसाइक्लिंग कर भावांतर योजना में भारी गड़बडी प्रमाणित पाई गई थी। संयुक्त संचालक ने तत्कालीन मंडी सचिव सी एल सौर को प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए थे कि व्यापारियों द्वारा किसानों के भुगतान में बिलंब होने के लिए दोषी मानते हुए मंडी बोर्ड द्वारा सचिव सी एल सौर को निलंबित कर दिया गया। जिससे प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई थी जिससे कलेक्टर सुधीर कोचर ने जिला स्तरीय भावन्तर योजना की समीक्षा बैठक में बुधवार को सख्त निर्देश देकर प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए थे।नए मंडी सचिव ज्ञान प्रकाश कपिल ने गुरुवार सायंकाल सचिव का प्रभार संभालते ही शुक्रवार को हटा पुलिस थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई।थाना प्रभारी टी आई सुधीर बेगी का कहना है कि विवेचना में जो भी साक्ष्य मिलेंगे कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों के जीवन में अमूलचूक परिवर्तन आयेगाः विधायक



**दमोह।** दमोह-कटनी मुख्य मार्ग से भदौली मार्ग का आज पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने भूमिपूजन किया। लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत इस मार्ग की लागत 1.80 करोड़ रूपये है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमति प्रीति राजू ठाकुर खासतौर पर मौजूद थीं। विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा इस मार्ग के बन जाने से ग्रामवासियों को आवागमन की सुविधा के साथ व्यापार एवं रोजगार में बढ़ोत्री होगी। सड़क का निर्माण होने ग्रामीणों के जीवन में अमूलचूल परिवर्तन आयेगा। इस अवसर पर चटन पटेल, पप्पू लोधी, रमन खत्री, अखिलेश हजारी, बृजेश ठाकुर, राजकुमार जैन, पप्पू ठाकुर सहित जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामीण जन की उपस्थिति रही ।

## 15 पेटी लाल देशी शराब के साथ कार जप्त



**तेंदूखेड़ा।** तारादेही पुलिस ने 15 पेटी लाल मसाला देशी शराब मुखविर की सूचना पर कार सहित जप्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी तारादेही उप निरी. आलोक तिरपुडे के नेतृत्व मे टीम द्वारा दिनाँक 27-28 नवंबर की दरम्यानी रात्रि मुखबिर की सूचना पर थाना तारादेही क्षेत्र अंतर्गत जितेन्द्र उर्फ जित्तू रजक पिता कालीचरण रजक उम्र-32 साल निवासी ग्राम भरतरी थाना पाटन जिला जबलपुर के कब्जे से 15 पेटी लाल मसाला देशी शराब एवं 01 सिलोरियो कार क्र. एमपी 20 सीजी 0640 कुल मशरूका कीमती करीबन 3,74,500 रूपये का जप्त किया गया है। घटना मे शामिल एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपीगणो के विरूद्ध थाना तारादेही मे अपराध क्र. 123।25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट एवं 130 (3) 177 एमव्ही एक्ट का पंजीबद्ध कर गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय दमोह मे पेश किया गया है। कार्यवाही के दौरान उनि रमेश सिंह मुडरया, मुकुल रावत तुलसीराम ठाकुर, राजेन्द्र, भगत सिंह, देवकरन, 817 लक्ष्मी, एफआरवी पायलट राजेश लोधी, एनआरएस मोनू विश्वकर्मा की अहम भूमिका रही।

## सिंचाई लाइन कटने से किसानों की मुश्किलें बढ़ीं, फसलें सूखने की कगार पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के कल्याणपुरा क्षेत्र में किसान इन दिनों भारी संकट से जूझ रहे हैं। सीतानगर सिंचाई परियोजना की मुख्य पाइपलाइन को अज्ञात लोगों द्वारा काटे जाने का मामला सामने आया है, जिसके कारण किसानों के खेतों तक पानी की आपूर्ति पूरी तरह रुक गई है। किसानों का आरोप है कि न केवल परियोजना की मुख्य लाइन क्षतिग्रस्त की गई, बल्कि खेतों तक पहुंचने वाली उनकी निजी सिंचाई लाइन भी जानबूझकर काट दी गई। इससे कल्याणपुरा और आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई कार्य पूरी तरह ठप हो गया है और फसलें सूखने की स्थिति में पहुंच रही हैं। प्रभावित किसानों ने अपनी शिकायत 181 पर दर्ज कराई है, साथ ही सिंचाई विभाग को भी आवेदन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने अधिकारियों से दोषियों पर सख्त कार्रवाई और टूटी हुई लाइन को जल्द सुधारकर पानी की आपूर्ति बहाल करने की अपील की है, ताकि खड़ी फसलों को नुकसान से बचाया जा सके। कल्याणपुर की किसान मुलायम सिंह ने बताया लिखित आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय जी को दिया है। हमारे क्षेत्र कल्याणपुर में हम लोग खेती करते हैं छोटे किसान हैं कुछ किसान जिनके खेतों पर बॉक्स लगे हुए हैं। पाइपलाइन जहां से सभी किसानों को पानी सप्लाई किया जाता है। वहां पर कुछ लोगों ने सभी किसानों की पाइपलाइन काटकर अलग कर दी गिने-चुने एक दो लोग वहां से सिंचाई कर रहे हैं। हम लोगों की फसल सूख रही है। हम लोगों को पानी नहीं मिल रहा है जब वहां जाकर देखा तो वहां पर हम लोगों की पाइपलाइन कटी हुई मिली। इसलिए हम लोगों ने 181 पर भी शिकायत की जब शिकायत पर परकी कोई कार्यवाही नहीं तो फिर जिला कलेक्टर को आवेदन देना पड़ा लिखित में कलेक्टर महोदय ने तत्काल कार्यवाही करने की बात कही। ज्ञापन देने वाले किसान राकेश पाठक, नटवर सिंह, दीपक सिंह, मुलायम सिंह आदि शामिल रहे।

## कैची नाले में मिला अधेड का शव



**बटियागढ़।** ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत अजब धाम फतेहपुर मैं कैची घाट नाले मैं एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी के हालात बन गये। पुलिस को सूचना दी गई । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पडताल की। शव की शिनाख्त कडौरी पिता काशीराम आदिवासी उम्र 50 वर्ष ग्राम बरी चोपड़ा थाना रजपुरा के रूप में हुई है। मौके पर , पथरिया एसडीओपी, थाना प्रभारी मगरोन, चौकी प्रभारी फतेहपुर सहित पुलिस बल ने पहुंचकर जांच की। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर मामले को जांच में लिया है।

## लघु वेतन कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह की प्रांतीय आह्वान पर द्वितीय चरण का संभाग स्तर का संभाग स्तर का 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन संभागीय अध्यक्ष के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन के नाम संभागीय अध्यक्ष थान सिंह मंडल द्वारा ज्ञापन सौंपा। दमोह जिले की ओर से दमोह जिले की टीम सम्मिलित हुई और समर्थन दिया समर्थन देने वालों समर्थन जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार, जिला सचिव अभिषेक सिंह राजपूत सह, सचिव श्री सदन कटारया संभाग उपाध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र अहिरवार सह, कोषाध्यक्ष जयंत कुमार गांगरा सागर में पहुंचकर आंदोलन में दूसरे चरण का आंदोलन में शामिल होकर कुछ बिंदुओं पर संरक्षक चूरामन रैकवार संभागीय अध्यक्ष शथान सिंह मंडल से कुछ बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपकर चर्चा की।

## विधानसभा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

**दमोह।** दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह के नेतृत्व में चल रहे सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता स्थानीय इनडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ, जिसमें 12 टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा श्याम शिवहरे, जिला प्रभारी सतानंद गौतम एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शानदार कबड्डी कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रामेश्वर चौधरी, राघवेंद्र सिंह परिहार, संजय सेन, कपिल शुक्ला, जुगल अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



## 10 पेटी अवैध शराब जब्त

**पटेरा।** थाना पटेरा पुलिस ने 10 पेटी अबैध शराब पकड कर दो आरोपियों पर प्रकरण पंजीबद्ध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पटेरा में दिनाँक 28/11/25 की दरम्यानी रात श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी उनि धर्मेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में टीम के द्वारा मुखबिर के बताये स्थान कुडई विछुआ रोड पुलिया के पास रेड कार्यवाही की गई जिसमें दो व्यक्ति अवैध शराब उतार रहे थे जो पुलिस को देखकर अपनी फोरव्हीलर गाडी लेकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। मौके से भारी मात्रा में 10 पेटी में 500 पाव कुल 90 लीटर अवैध देशी मसाला शराब कीमती 50000 रू की समक्ष गवाहान जप्त कर कब्जा पुलिस ली गई । दो आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर थाना प्रभारी पटेरा, प्रआर.प्रमोद चौबे, आर. नीतेश सिलावट, आर. राघवेन्द्र सिंह के नाम शामिल है।

### पूर्णाहुति के साथ श्रद्धालुओं ने की आरती...

# श्री शतचंडी महायज्ञ का हुआ विधिवत समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



विंध्यवासिनी माता मंदिर, कंकाली माई प्रांगण में आयोजित 26 नवम्बर से 28 नवम्बर तक तीन दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ का को विधिवत समापन किया गया। समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार, पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ यज्ञ की पूर्णता संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

यज्ञ का आयोजन जनकल्याण, शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ किया गया। आचार्य श्री वेदांताचार्य जी महाराज, प्रधानाचार्य यज्ञ करता पंडित राम गोपाल दोदेरिया के मार्गदर्शन में प्रतिदिन शतचंडी पाठ, हवन-यज्ञ एवं विशेष पूजन संपन्न हुआ। समापन दिवस पर कन्या पूजन, ब्राह्मण भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

कलश यात्रा से प्रारंभ हुए इस महायज्ञ में महिलाओं, मातृशक्ति, संत-महात्माओं एवं क्षेत्रवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। आयोजन समिति ने सफल संचालन के लिए सभी सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।यज्ञ के ब्रम्हा पंडित कमलेश तिवारी,सहयोगी डॉ अशोक मिश्रा सतीश तिवारी पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक पंडित आशीष कटारे, पंडित पप्पू दुबे,विवेक अग्रवाल, विकास मिश्रा नीरज देवलिया संजय सोनी नवजोत गुटरू सोनी, दिलीप गुजराती नंदलाल आयलानी,विनोद मखीजा राकेश सोनी दीपक मराठा राजू चौरसिया चंद्रेश राठौर विजय राय राजू राय पवन शिवहरे गणेश खटीक संजू खटीक अज्जूदी राय, राकेश गुजराती तीरथ आयलानी, नरेंद्र सोनी मुरारी राय अजय कुमार संगतानी, गज्जू नेमा रुपेश चौरसिया, संजय चौरसिया दिलीप ठाकुर डालचंद विश्वकर्मा धर्मेंद्र चौरसिया एवं समस्त शिष्य गण के द्वारा यह दिव्या आयोजन किया गया। आचार्यगणों ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, एकता एवं आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के अंत में मां विंध्यवासिनी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने पुतला दहन कर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह। संतोष वर्मा के द्वारा विगत दिनों ब्राह्मण समाज की बहन बेटियों पर की अभद्र टिप्पणी को लेकर प्रदेश भर में आक्रोश व्याप्त है जिला दमोह मुख्यालय पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा एक बड़ा प्रदर्शन करते हुए दमोह के अस्पताल चौराहा मानस भवन पर कड़ा विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी के साथ संतोष वर्मा का पुतला दहन किया गया एवं मुख्यमंत्री के नाम दमोह एसपी को ज्ञापन सौंप कर FIR दर्ज करने की मांग की गई सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा लिखित ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा गया कि संतोष वर्मा पर कड़ी कार्रवाई की जाए एवं तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए अगर ऐसा नहीं होता तो आगामी समय में प्रदेश व्यापारी आंदोलन किया जाएगा ज्ञापन में ब्राह्मण समाज के साथ सर्व समाज के लोगों की भी उपस्थित रही वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश पांडे, चंद्र गोपाल पौराणिक, श्याम चरण पटेरिया, जटाशंकर धाम के महंत मोनू पाठक बम बम गुरु, बड़ी देवी मंदिर के पुजारी आशीष कटारे, विद्यासागर पांडे, अंबर मिश्रा, पवन तिवारी, अभिषेक तिवारी, नारद मिश्रा, मनीष तिवारी, अजय गर्ग, नित्या प्यासी, वीरू दुबे, राजुल चौरहा, जमना चौबे, शंकर गौतम, तुलसीराम तिवारी, भगीरथ शास्त्री, आलोक चौबे, बृजेश तिवारी, आशीष राजौरिया, बबलू गंगेले, मनोज मिश्रा, विजय दुबे, अश्विनी गर्ग, एलएन वैष्णव, अनुराग पांडे, प्रशांत तिवारी, सौरभ चौबे, मनु राजौरिया, अरविंद पाठक, संजय गौतम, महेंद्र तिवारी, हटा से मनीष शर्मा, श्रवण पाठक, करणी सेना से नितिन राजपूत, सर्व हिंदू समाज से मोंटी रैकवार, संजय चौहांन सर्व समाज सर्व ब्राह्मण समाज की उपस्थिति रही।